खबर संक्षेप

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिये विशेष शिविर

घुघरी। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश अनुसार विकासखंड घुघरी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिकित्सीय उपकरण वितरण शिविर का आयोजन दिनांक 3.7.2025 को किया गया, जिसमें एलिम्को जबलपुर से आए हुए विशेषज्ञ महेंद्र कुमार ऑडियोलॉजिस्ट, कृष्ण गुप्ता फिजियोलॉजिस्ट, अमन राज फिजियोलॉजी, महेंद्र टेक्नीशियन के द्वारा चिन्हित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उपकरण वितरण किया गया। जिसमे 24 बच्चो का चिहांकन किया गया था। जिसका शत प्रतिशत बच्चो एवं पालको को उपकरण वितरण कर दिया गया। जिसमे उपकरण फोल्डिंग व्हील चेयर 05, बिना फोल्ड व्हीलचेयर 01, टीएलएम कीट 07, ब्रेल किट 01, चेचिस एलबो छोटी 02, चेचिस एलबो बडी 04, श्रवण यंत्र 04, हाथ कृत्रिम यंत्र 02, रोलेटर 01, ट्राइसाइकिल 01, कैलिपर्स 02, वितरण किया गया। शिविर के दौरान श्रीमति अनीता रहांगडाले एमआरसी, बंसत झारिया एमआरसी के दौरान बच्चों को एवं पालक, शिक्षक को उपकरण का उपयोग एवं रखरखाव बताया गया। उपकरण वितरण उपरांत बच्चों, पालको एवं जबलपुर से आए हुये एलिम्को विशेषज्ञो को भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम मे बीआरसी हर्ष ज्योतिषी, बीएसी अमित कुमार श्रीवास्तव, बीएसी खिलेश्वर प्रसाद बाबा, जनशिक्षक पुष्पेन्द्र तिवारी, दिनेश सिंगरहा, देवी दयाल दुबे, दुर्जन सिंह मरावी, भोला झारिया, शिवप्रसाद अहिरवार, पूरनलाल साहू, गंगाराम मरावी, एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### संस्थागत एवं व्यक्तिगत शौचालय की साफ-सफाई को बढ़ावा देने कवायद

# समग्र स्वच्छता का नवाचार: वॉश ऑन व्हील्स






*** केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने दिखाई थी हरी झंडी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जनपद पंचायत मण्डला ने वॉश ऑन व्हील्स, समग्र स्वच्छता का नवाचार शुरू किया है। हाल ही में प्रदेश की केबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मण्डला के इस अभिनव पहल से नगर में ना सिर्फ स्वच्छता के नए आयाम स्थापित होंगे अपितु इससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी आएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मण्डला श्रीमती प्रतिमा शुक्ला ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन जनपद पंचायत मण्डला द्वारा संस्थागत एवं व्यक्तिगत शौचालय की साफ-सफाई को बढ़ावा देने हेतु इस कार्यक्रम को शुरू किया गया है। इसके लिए नगर के समीपस्थ ग्राम बड़ी खैरी के स्वच्छतासाथी श्री संदीप बैरागी (9302574986) एवं श्री मनीष चक्रवर्ती (7999341193) का चयन किया गया है। संबंधित स्वच्छतासाथी के साथ ग्राम पंचायत/संस्था का अनुबंध भी किया गया है।

### बार कोड के माध्यम से हो सकेगी बुकिंग

वॉश ऑन व्हील्स के स्वच्छतासाथियों द्वारा बार कोड का उपयोग किया जा रहा है, जिसके माध्यम से स्वच्छता साथी की सेवा ली जा सकती है एवं उन्हें भुगतान भी किया जा सकता है। इस कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु एक गूगल फार्म भी जनरेट किया गया है। जिसके माध्यम से स्वच्छतासाथी को सफाई के लिए बुक किया जा सकेगा। इसके पश्चात गूगल लिंक के माध्यम से स्वच्छतासाथी बुकिंग के आधार पर सफाई हेतु संबंधित स्थान पर उपस्थित होकर सफाई करेंगे। इस लिंक के माध्यम से कार्यालय जनपद पंचायत मण्डला द्वारा भी मॉनीटरिंग की जा सकेगी।

### सामुदायिक संस्थान के लिए 200 रुपए तथा व्यक्तिगत शौचालय का चार्ज 50 से 75 रूपये

स्वच्छ भारत मिशन की विकासखंड समन्वयक श्रीमती रश्मि वर्मा ने बताया कि स्वच्छतासाथी द्वारा सामुदायिक संस्थान की 5 कि.मी. की दूरी तक 200/- रूपये एवं उससे अधिक दूरी होने पर 250/- से 300/- तक तथा व्यक्तिगत शौचालय की सफाई हेतु 50/- से 75/- रूपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। आमजन इस प्रकार साधारण शुल्क देकर व्यक्तिगत तथा सामुदायिक स्वच्छता के इस नव प्रयोग को बढ़ावा देने के कार्य में सहयोग कर सकते हैं।

### जिला जनसंपर्क कार्यालय में ली गई स्वच्छता साथी की सेवा

समग्र स्वच्छता के इस नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शासकीय कार्यालयों और आम नागरिकों का सहयोग मिल रहा है। गुरूवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय में सहायक संचालक श्री राहुल वासनिक के निर्देश पर कार्यालय के शौचालयों की सफाई के कार्य के लिए वाश ऑन व्हील्स के स्वच्छता साथियों की सेवाएं ली गई।

## उत्तराखंड के लिए मंडला के 16 स्काउटर एवं गाइड हुए रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश संभाग जबलपुर द्वारा संभागीय स्काउटर एवं गाइडर अध्ययन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे संभाग से 72 स्काउटर शिक्षक और गाइडर शिक्षिका शीतला खेत उत्तराखंड नैनीताल जा रहे हैं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मंडला एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट श्रीमती वंदना गुप्ता एवं स्काउट जिला प्रभारी दिनेश दुबे के मार्गदर्शन में जिला मंडला के 16 स्काउटर एवं गाइडर आज सायं को रवाना हो रहे हैं। अध्ययन यात्रा में कल्पना नागेश्वर, दिलीप मरावी ,लोक सिंह पदम, सुनील पटेल, वीरेंद्र नंदा, प्रेम सिंह मार्को, मंशा राम झरिया, कृष्ण कुमार चौहान, प्यारे लाल धुर्वे, प्रीति मसराम, रजनी सिलेकर, दीप्ति खरे , लीमा कुजूर, दिव्या मरावी,निर्मला पन्द्रे जा रहे हैं। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ मंडला के जिला मुख्य आयुक्त डॉ संजय तिवारी,अजय खोत, अखिलेश चंदरौल सहित सभी पदाधिकारियों ने सभी स्काउटर एवं गाइडर को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

### श्री नंदीश्वर महा मंडल विधान आयोजित



मण्डला। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में आर्यिका मां 105 विमल मति माता जी ससंघ विराजमान हैं। आर्यिका मां के सानिध्य में नंदीश्वर महामंडल विधान बडी धूमधाम से मना रहें हैं। जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज मंदिर व्यवस्था कमेटी महिला मंडल जैनम आदि सभी लोगों ने बढचढ पुण्य कार्य का हिस्सा बन कर भाग लिया और भक्तिभाव पूर्वक अभिषेक पूजन आरती आदि का कार्यक्रम संपन्न किया। श्री नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक भी बडी धूमधाम से समाज के सभी वर्गों ने कमेटियों ने मनाया।

## अपनों को प्रोत्साहित करने हुये स्थानांतरणों से खाली हुये ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल

*** शहर से लगे स्कूलों में आवश्यकता से अधिक शिक्षकों की तैनाती।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश के स्कूलों में हाल ही में हुए शिक्षकों के तबादलों ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कई दूरस्थ ग्रामीण स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो गई है, जहां सभी शिक्षकों का तबादला कर दिए जाने के कारण वे पूरी तरह से खाली हो गए हैं। इसके विपरीत, शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में, जहां पहले से ही पर्याप्त या अधिक शिक्षक तैनात हैं, वहां और अधिक शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है।

सूत्रों के अनुसार, यह अव्यवस्थित स्थिति तब उत्पन्न हुई जब तबादला प्रक्रिया के दौरान जिला स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ भोपाल स्थित लोक शिक्षण संचालनालय ने भी अनियमितता बरती। तबादला पोर्टल में जानबूझकर तकनीकी खामियां छोड़ी गईं, जिससे 'अतिशेष प्रक्रिया' को विवादास्पद बना दिया गया और उसे रोक दिया गया। परिणामस्वरूप, पोर्टल में गलत जानकारी दर्ज कर कुछ चहेते शिक्षकों को संरक्षण दिया गया और कुछ शहरी स्कूलों में, जहां शिक्षक पद रिक्त नहीं थे, वहां भी अतिरिक्त तबादले कर दिए गए।

शहर से लगे स्कूलों में शिक्षकों की असंतुलित तैनाती के उदाहरण साफ नजर आते हैं। कन्या हाईस्कूल पुरवा में पहले से एक विज्ञान शिक्षक पदस्थ थे, इसके बावजूद वहां दो और विज्ञान शिक्षकों की तैनाती कर दी गई।

शासकीय रानी अवंतीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में हिन्दी (वर्ग-2) के दो स्वीकृत पदों के विरुद्ध चार शिक्षक पदस्थ कर दिए गए हैं। कैमिस्ट्री विषय के लिए स्वीकृत एक पद पर दो शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि सामाजिक विज्ञान में दो स्वीकृत पदों के बावजूद तीन शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। इस प्रकार इस विद्यालय में कुल चार शिक्षकों की आवश्यकता से अधिक पदस्थापना कर दी गई है, जो विभागीय लापरवाही को उजागर करती है।

विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि जब किसी विषय के सभी पद पहले से भरे हुए हैं, तब और शिक्षकों की पदस्थापना करना उन पदों को 'अतिशेष' की श्रेणी में ला देता है। ऐसी स्थिति में, जो नए शिक्षक आए हैं, उनकी पदस्थापना किसी अन्य आवश्यकता वाले विद्यालय में की जानी चाहिए।

यह स्थिति अत्यंत गंभीर है और तत्काल हस्तक्षेप की मांग करती है। जिला प्रशासन को चाहिए कि वह पूरे तबादला प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए और जहां-जहां शिक्षकों की कमी है, वहां यथाशीघ्र पुनः तैनाती सुनिश्चित करे। इससे न केवल विभाग की साख कायम रहेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के भविष्य को भी सुरक्षित किया जा सकेगा।

### इनका कहना है :-

*हमारे संस्थान में कुछ विषयों में शिक्षक अधिक हैं, जबकि इतिहास, भौतिक विज्ञान एवं हिन्दी में (वर्ग-1) के शिक्षकों की कमी है। वहीं, अंग्रेजी विषय में (वर्ग-2) शिक्षकों की भी आवश्यकता है। इन रिक्तियों की पूर्ति किया जाना आवश्यक है।*

**प्राचार्य, रा.अ.बा.शा.क.उ. माध्यमिक विद्यालय, मण्डला**

*हमारे विद्यालय मे विज्ञान विषय मे कार्यरत शिक्षक द्वारा विद्यालय मे अध्ययन कार्य बहुत अच्छा करा रहे हैं, किन्तु विज्ञान विषय का पद भरा होने के बाद ही दो शिक्षकों की पोस्टिंग किया जाना उचित नही है। इन शिक्षकों को अन्य शिक्षकों की कमी वाले विद्यालय मे भेजा जाए।*

**-प्रभारी प्राचार्य, कन्या हाईस्कूल पुरवा, मण्डला**

## हेमंत खंडेलवाल भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी कर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भाजपा के बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल को मध्य प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। श्री खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मंडला भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में एकत्र होकर आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, वरिष्ठ भाजपा नेता रोचीराम गुरवानी, विनय मिश्रा, पारस असरानी, जयदत्त झा, शिवा रानू राजपूत, सूर्यकांत जंघेला, बिट्टू चौरसिया, सौरभ गुप्ता, मयंक विश्वकर्मा, संजय गुप्ता, सचिन शर्मा, सावन चौरसिया, अमित शर्मा, मोंटी मलिक, इशांक साहू, दिनेश चौधरी,राकेश पटेल, सुधीर दुबे, नितिन राय, यशवल तिवारी, देव रजानी, तिलक राम साहू, नितिन यादव, आनंद जैन, सहित मातृशक्ति, युवा मोर्चा के साथ नगर व जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि हेमंत खंडेलवाल जी जब से राजनीति में है, तब से हेमंत भाई साहब को मुलताई के कामों के लिए चिंतित देखा है। उन्होंने कहा कि जब भी मुलताई की किसी समस्या को लेकर उनसे बात की जाती है तो वह तुरंत उसका समाधान करते हैं और पूरी गंभीरता के साथ मुलताई की समस्या को सुनते हैं। हेमंत खंडेलवाल जी शुरू से ही जनसेवा में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने बैतूल के साथ मुलताई के विकास के लिए भी काम किया है। वे हर संकट में लोगों की मदद के लिए मुलताई पहुंचते हैं। वे जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान करते हैं। भाजपा के 14 करोड़ कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष का निर्विरोध चुना जाना संगठन की अनुशासित कार्यप्रणाली को दर्शाता है। हेमंत खंडेलवाल ने अपने कार्यकाल में मुलताई में सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े कई प्रोजेक्ट स्वीकृत कराए हैं। अब प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को नई योजनाओं की उम्मीद है।

**आपदा** | **बाढ़ में बहे युवक का अभी तक नहीं चला पता।**

# मूसलाधार बारिश से घरों में घुसा पानी

*** बिछिया से घूघरी मार्ग के पुलों के ऊपर बह रहा पानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया





इस वर्ष जून माह से ही लगातार बारिश का दौर शुरू हो गया है, विगत एक सप्ताह से हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त-व्यक्त हो गया है लगातार बारिश से घरों से निकलना मुश्किल हो गया है, इस कारण लोगो की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है अभी तीन दिनों की बारिश में कल बिछिया क्षेत्र के मेढ़ाताल और भावल गांव के नदी-नाले ऊफान पर होने से बारिश का पानी घरों में घुस गया ग्रामवासियों के रहने वाले आवास ध्वस्त होते देख पुलिस ने लोगों को पंचायत भवन जैसी सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है।

वहीं अत्याधिक बारिश से बिछिया नगर के भी नदी नाले ऊफान मार रहे हैं 40 वर्षीय गणेश तेकाम नाला पार करते समय बह गया, जो बिछिया नगर वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद त्रिवेणी तेकाम का देवर है जिसको खोजने ग्रामवासी परिवार सहित ओर बिछिया थाने का पुलिसबल उसकी तलाश में जुटा हुआ है, समाचार लिखे जाने तक कुछ पता नहीं चल पाया है पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है।

अत्याधिक बारिश से बिछिया से घुघरी मार्ग में पड़ने वाले नदी-नाले ग्राम देई स्कूल के समीपी नाला, लपटी गांव के पास वाला नाला में पानी पुल के ऊपर से बह रहा है जिससे दोनों तरफ का आवागमन बंद हो गया है वहां भी पुलिस द्वारा गश्त की जा रही है।

भू-अभिलेख विभाग के अनुसार जिले में औसतन 19.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है मंडला और बिछिया में ज्यादा बारिश के अनुमान लगाए जा रहे हैं, मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटे में मंडला जिले में भारी बारिश होने की चेतावनी दी है।

### इनका कहना है :-

*थाना प्रभारी बिछिया ने बताया पुलिस बल के साथ एसडीआरएफ की टीम लगातार खोज कर रही हैं, अब तक नाले में बहे बालक का कही पता नहीं चला हे आगे बताया कि शमशान घाट एनीकट के आगे घने बेशरम की झाड़ी है वहां भी खोज की जा रही है ,*

**-धर्मेंद्र सिंह धुर्वे, थाना प्रभारी बिछिया**

## चारराटोला उत्कृष्ट विद्यालय मार्ग हुआ बद से बत्तर

*** विद्यालय के छात्र छात्राओं का शाला जाना हुआ मुश्किल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नगर के एक मात्र उत्कृष्ट उच्चतर माध्यम विद्यालय जो मुख्य मार्ग से चारराटोला की सड़क बद से बत्तर हो चुकी है प्रतिदिन लगभग 1000 से ज़्यादा छात्र-छात्राओं ओर शाला के शिक्षको को इस मार्ग से आना जाना करते हैं मगर नगरीय प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं देता बताया गया है कि विगत कुछ वर्षो पूर्व नगर परिषद ने नगरवासियों के बोहोत जोर देने पर कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया था किंतु मात्र 9 फीट की सड़क पट्टी के नीचे खेत और खेतों से निकलता हुआ पानी जिससे सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी इस कारण आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ठेकेदारी प्रथा और कमीशन बाजी के कारण रोड सकरी हो गई मेंटेनेंस नहीं होने के कारण इस बारिश में फिर सड़क कीचड़ से शराबोर हो गई विगत एक सप्ताह से लगातार पानी के कारण सड़क पर बने पुल पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है, ऐसी स्थिति में छात्राओं शिक्षकों बालकों का आना-जाना दूभर हो गया नगरीय प्रशासन इस ओर ध्यान दे, कारण की अभी हाल में हुई बारिश से पूरी सड़क के ऊपर से पानी बह रहा है जिससे जीव जंतु बरसाती कीड़े और सड़क में हुए गड्ढे कीचड़ के कारण आने जाने वालों की हालत खराब हो जाती है प्रशासनिक व्यवस्था के तहत उत्कृष्ट विद्यालय चारराटोला की सड़क अच्छी तरह बनाए जाने के लिए पुनः मांग की जा रही है और पूर्व में बने गई सड़क की जांच की मांग जांच एजेंसी के द्वारा कराए जाने की मांग की जा रही है।



**खबर संक्षेप**

## कम्प्यूटीकृत बैंकों में हो रहा कछुआ गति से काम



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कम्प्यूटर युग के बावजूद भी बैंको मे राशि जमा करने व निकालने के लिये अगर एक दो घण्टे का समय लगें, लंबी लंबी कतारें खत्म न हो तो हमे 21 वीं सदी मे आधुनिकता की चादर ओढ़ने का गर्व नही करना चाहिए। नगर मे स्थित राष्टीयकृत बैंकों मे जिन ग्राहकों को पैसा जमा करने, ड्राफ्ट बनवानें, शासकीय राशि जमा करने पहुंचते है तो उन्हे लंबी लाइन मे खड़े होकर अपना नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है। बैंको मे नोट गिनने की मशीन होने के बावजूद भी अन्य लिखा पढ़ी मे काफी विलंब होता है, जिससे ग्राहकों मे बैको की कार्यप्रणाली से परेशानी बढ़ी है। नगर सहित क्षेत्र के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित राष्टीयकृत बैंक मे शासकीय राशि, चालान आदि पटाने में लोगो को भारी मशक्कत करनी पड़ती है, एक काम के लिये ही यहां पूरा दिन बर्बाद हो जाता है, जिससे लोगों के काम धाम पिछड़ते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही इस बैंक में कार्यरत कर्मियों के परिचतों के कार्य पहले निपटानें का भी चलन तेजी बढ़ते हुये देखा जा रहा है। संबंधित बैंक अधिकाारियों को चाहिए कि उपभोक्ताओं के काम आसानी से और कम समय पर निपटे ऐसी व्यवस्था बैंक मे बनाये, किंतु अधिकारी है कि कुर्सी पर चिपके रहते हुए देखा जाता है, उन्हें बैंकों मे काम किस गति से हो रहा है व उपभोक्ताओं की क्या परेशानी हो रही है, शायद इससे किसी को कोई सरोकार नही है? मगर देखा जाता है कि यहां प्रमुख बैंकों में वर्षो से पदस्थ कुछ कर्मी अपनी डियूटी के समय चायपान की दुकानों के साथ साथ लोंग लता का स्वाद लेते हुए ज्यादा नजर आते है? इस प्रकार से बैक अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी से परेशान उपभोक्ता जब बैंक प्रमुख से विलंब होने की बात कहते है तो वे उन्हे बैंक में फसाद करने का उल्टा उल्हाना देने से नही चूकते है? इस प्रकार से बैंकों में उपभोक्ताओं को राशि निकालने व जमा करने के लिये पर्याप्त खिड़की है किंतु स्टाफ की कमी के कारण गिनी चुनी खिडकियों में ही काम होता है, जहां पर लंबी लंबी कतारें लगी रहती है, शासकीय चालान जमा करने वालो को भी घंटो लंबी कतारों मे खड़ा होना पड़ रहा है, एक बैंक मे तो आये दिन पासवर्ड के कारण कम्प्यूटर चालू नही हो पाता जिसके ग्राहक देर तक भुगतान पाने खड़े रहते है, बैंको का कम्प्यूटरीकरण होने के ढोल तो पीटे जाते है किंतु बैंको मे काम काज धीमी गति से हो रहा है लोगों की परेशानी का कारण बन रहा है, यदि ग्राहक विलंब के लिए कुछ कहते है तो बैंक कर्मी व अधिकारी आपे से बाहर हो जाते है।

**आखिरकार आमजन को इस परेशानी से कब निजाम मिल पायेगी....**

# राठी तिरहा से पुराना बस स्टेन्ड जाने वाले मार्ग की सड़क के ऊपर दिन भर रहता है लोडिंग वाहन मालिकों का अतिक्रमण रूपी कब्जा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**









जहां एक ओर नगर में यातायात को सुगम बनाने के लिये अतिक्रण हटाने के लिये अधिकारियों को कार्यवाही करते हुये देखा जाता है। मगर दूसरी ओर यहां पर फैले हुये अघोषित अतिक्रमण को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिस तरह नगर अंदाज किया जा रहा है वह निश्चित रूप से दुर्घटनाओं की अशंका पैदा करने से नही चूक रहा है? नगर के राठी तिरहा से पुरानी गल्ला मंडी होते हुये नया बस स्टेन्ड तक पहुंचने वाली सीमेन्ट सड़क कई वर्ष पुरानी होने के कारण आमजन के लिये परेशान होना पड़ रहा था, क्योंकि यह नगर का प्रमुख मार्ग इसलिये माना जाता है। इसी मार्ग से जहां मुख्य बाजार को पहुंचा जाता है। वही दूसरी ओर मंडी से लेकर पेट्रोल पंपों सहित अनेक शिक्षण संस्थाओं के लिये पहुंचने वाली सड़क होने के कारण जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के लिये नगरवासियों द्वारा लगातार मांग उठाई जा रही थी जिसके चलते बड़ी मुश्किलों के बीच जब इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली तो नगरवासी खुशी से झूमते हुये देखे गये। सड़क निर्माण की शुरूआत हुई तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस गति से काम किया गया था उसके चलते लोगों को जिस तरह परेशानियों का सामना करना पड़ा था यह बात भी किसी से नही छिपी है। वही दूसरी ओर आमजन के लिये एक उम्मीद थी कि इस सड़क के निर्माण होने से शायद कुछ परेशानियां झेलने के बाद सुविधा मिलेगी वह एक सपना साबित होते हुये जान पड़ रहा है? क्योंकि बड़ी मुश्किलों के बाद इस सड़क का निर्माण कार्य तो हो चुका है। मगर इस सड़क के निर्माण होने के बाद भी आम लोगों को परेशानियों से निजात मिलते हुये दिखाई नही पड़ रही है? क्योंकि इस नवनिर्मित सड़क की सच्चाई पर गौर किया जावे तो सड़क की पूरी एक पट्टी पर जिस प्रकार से लोडिंग वाहन मालिकों द्वारा कब्जा जमा लिये जाने के बाद इस समय यहां से यातायात व्यवस्था मात्र एक पट्टी के भरोसे ही चलते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि नगर के राठी तिरहा से पुराने बस स्टेन्ड तक अनेक बड़ी लोहा सीमेन्ट सहित अन्य सामग्री की दुकाने संचालित हो रही है जिनका समान ग्राहकों के घरो तक पहुंचाने वाले अनेक प्रकार के लोडिंग वाहन मालिक इसी सड़क की एक पट्टी पर अपने वाहन खड़े करते हुये अघोषित रूप से दिन भर अतिक्रमण करते हुये कब्जा करने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार का हाल नये बस स्टेन्ड के पास भी देखने मिल रहा है जहां पर नवनिर्मित इस सड़क की एक साईड की पट्टी पर लोडिंग वाहनों के आलवा अनेक दुकानदारों द्वारा अपना कब्जा जमा लिया गया है? जिसका परिणाम है कि इस सड़क की एक साईड की पट्टी से जहां वाहन मालिकों का कब्जा होने से यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से बंद होने के कारण आमजन को अपने वाहन मात्र एक ही पट्टी से निकालने के लिये मजबूर रहने की स्थिति में जब बीच में कोई बड़ा वाहन फंस जाता है तो काफी समय तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी का सामना उन छोटे वाहन चालकों को करना पड़ता है जो दो पहिया वाहन से अपने परिवार को लेकर यहां से कही निकलकर जा रहे होते है या फिर कोई महिला स्कूटी के माध्यम से इस मार्ग से निकल रही होती है। वही दूसरी ओर हाथ ठेला के भरोसे अपनी रोजी रोटी कमाने वालो द्वारा इस प्रकार से सड़क पर अघोषित रूप से लोडिंग वाहन मालिकों द्वारा किये गये अपने वाहनों के माध्यम से अतिक्रमण के चलते उनकी रोजी रोटी भी छिनने से नही चूक पा रही है। यदि गौर किया जावे तो इसी मार्ग के किनारे अनेक ट्रांसपोर्ट भी संचालित हो रहे है जिन का माल आने ले जाने वाले ट्रको की लोडिंग व अनलोडिंग भी इसी सड़क पर खड़े करते हुये किये जाने के कारण आम लोगों के लिये परेशानी का सबब बनने से नही चूक पा रहा है? जिसके चलते यदि सड़क की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बड़ी मुश्किल से बनकर तैयार हुई इस सड़क को लेकर जिस प्रकार से नगर के लोगों ने सोचा था कि उन्हें परेशानी से निजात मिल जावेगी मगर जिम्मेदार अधिकारियों की अनादेखी के चलते वह मिलते हुये दिखाई नही पड़ रही है? इस तरह सड़क पर लगातार बढ़ रही वाहनों के अतिक्रमण की सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान न देना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की यह अनदेखी एक बड़ी घटना को ओर संकेत देते हुये जान पड़ रही है? जबकि प्रतिदिन इस मार्ग से पुलिस अधिकारियों के साथ साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का निकलना होता रहता है। मगर वह भी चुपचाप इस सच्चाई को देखते हुये नजर अंदाज करते हुये निकलने से नही चूक पाते है, जिसके चलते इस मार्ग पर पूर्णरूप से लोडिंग वाहन मालिको का कब्जा होने के कारण आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है। जबकि नगर की सड़को पर यातायात में सुधार लाने के लिये पुलिस द्वारा घुमाये जाने वाला डंडा इस ओर नही घूमने के कारण आमजन को परेशान होने के साथ साथ किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## अपनी जिन्दगी को दांव पर लगाते हुये शहर पहुंचने मजबूर हो रहे ग्राम केकरा सहित बरहटा बरेली के निवासी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



अक्सर देखा जाता है कि जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है तो उस घटना पर दुख व्यक्त करते हुये नेताओं से लेकर अधिकारियों को भी देखा जाता है। दूसरी ओर दोषियों की खोजबीन का भरोसा दिलाते हुये कार्यवाही के लिये टीमों का गठन करने में भी कोई कसर नही छोड़ी जाती है..? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस जगह किसी बड़ी घटना घटित होने की संभावना बन रही हो और यदि समय रहते हुये उसमें सुधार कर दिया जावे तो निश्चित ही बड़ी घटना को घटित होने से रोका जा सकता है..? इस सच्चाई को जिम्मेदार लोगों के साथ अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने का ही परिणाम रहता है कि बड़ी घटनाये घटित होकर लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूकती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा से डमरूघाटी होते हुये ग्राम केंकरा, बरेली बरहटा मार्ग पर देखने मिल रही है जो जिम्मेदारी की अनदेखी के चलते किसी दिन बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..। बताया जाता है कि गाडरवारा से ग्राम केंकरा बरेली बरहटा जाने वाली मार्ग यानि की डमरूघाटी वाली रोड के किनारे पूर्व में समय में बड़े स्तर पर हुये मिट्टी के अवैध खनन के दौरान मिट्टी कारोबारियों द्वारा डमरूघाटी के पीछे वाले क्षेत्र से निकली हुई 11 के व्ही लाईन के खम्बों के पास किये गये मिट्टी के खनन का परिणाम है कि इस समय यह हाई पावर लाईन के खम्बे जहां अधर में लटके हुये नजर आने से नही चूक रहे है। मामला यहां तक ही सीमित नही है, क्योंकि यह डामरीकृत मार्ग होने के चलते इस मार्ग से ग्राम केकरा, बरेली बरहटा सहित दर्जनों गांवों के लोगों का प्रतिदिन शहर आना जाना होता है तो दूसरी ओर क्षेत्र के किसान भी इसी मार्ग से जहां अपने खेतों को पहुंचते हुये देखे जाते है। दूसरी ओर इसी मार्ग पर स्थित राईस मिल व वेयर हाऊस होने के चलते जब शासन द्वारा अनाज की खरीदी की जाती है तो सैकड़ो की संख्या में किसान अपना अनाज विक्रय करने के लिये ट्रेक्टर ट्राली भी इसी मार्ग से यानि की अधर में लटके हुये खम्बों के पास से निकलते हुये देखे जाते है। मुख्य रूप से देखा जावे तो ग्राम केंकरा, बरेली बरहटा के लोगों को गाडरवारा शहर पहुंचने के लिये यह मुख्य मार्ग है। क्योंकि एक मार्ग पर जहां रेलवे पुल बना हुआ है तो दूसरों सबसे शुलभ मार्ग यही होने के चलते इन गांवों के लोग अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये निकलते हुये देखे जा रहे है। इस समय चल रहे बारिश के सीजन में अधर में लटके हुये इन खम्बों के पास से निकलने में जहां ग्रामीणों को दहशत में देखा जा रहा है। मगर उनकी मजबूरी है कि अपनी जान जोखिम में डालते हुये निकलना पड़ रहा है..? इस तरह नगर की प्रदेश से लेकर देश के कौने कौने तक पहुंचान बनाने वाले शिवधाम डमरू घाटी से मात्र चंद कदम दूरी पर स्थित इन खम्बों की सच्चाई को जिस तरह से जिम्मेदार अधिकारियों व क्षेत्र के नेताओं द्वारा अनदेखा किया जा रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि मानों जिम्मेदारों द्वारा खुद ही किसी बड़ी घटना को इंतजार किया जा रहा हो..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने। मगर इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि यह सच्चाई अधिकारियों की जानकारी में नही है..? क्योंकि हर वर्ष शिवधाम डमरू घाटी पर शिवरात्री के दौरान लगने वाले विशाल मेले के दौरान यहां पर जिला कलेक्टर से लेकर पुलिस अधीक्षक सहित क्षेत्र के जिम्मेदार माने जाने वाले नेताओं का आगमन भी होता है। जबकि यह सच्चाई शिवधाम डमरूघाटी के पास से स्पष्ट रूप से नजर आने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही न होना चर्चा का विषय बनने के साथ साथ सबाल खड़े करने से नही चूक रही है..? वही दूसरी ओर बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर नजर डाली जावे तो आये दिन बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में बिजली लाईन में आने वाली खराबी के दौरान इस सच्चाई को अपनी खुली आंखों से देखने के बाद भी अनदेखा किया जाना एक बड़ी उदासीनता का परिचय देने से नही चूक रही है..? इस सच्चाई को देखते हुये क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि स्थिति इसी प्रकार से बनी रही तो निश्चित तौर से तेज बारिश के दौरान हाई पावर लाईन के खम्बे गिरनें की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। यदि यह खम्बे गिरे तो कोई बड़ी घटना के रूप में साबित होने से नही चूकेगे...?

## या हसन या हुसैन के नारे के साथ निकला गया मेंहदी ताजिया अलम जुलूस





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इन दिनों मुस्लिम भाईयों के चल रहे मोहर्रम पर्व के चलते जहां नगर को अनोखे तरीके से सजाते हुये जहां तहां परचम लगाये गये है। वही नगर में मोहर्रम की 7 तारीख को नए बस स्टैंड काजी मोहल्ला से शाम के वक्त मेहदी ताजिया अलम का आलीशान जुलूस निकला गया। बताया जाता है कि यह जुलूस बंसल वाली गली से पुरानी चौकी से निकलते हुये चावड़ी रोड से महावीर भवन के पास से होते हुये शक्ति चौक, शिवालय चौक से झंडा चौक होता हुआ वापस नए बस स्टैंड बाबली दरगाह शरीफ पहुँचा वहा पर जुलूस का समापन किया गया । इस तरह निकाले गये जुलूस का जगह जगह मुस्लिम भाईयो ने मेहदी ताजिये अलम के समक्ष अक़ीदत के साथ लोभान चढ़ाकर जुलूस का इस्तकबाल कर तबर्रुक तकसीम किया गया । वही इस जुलूस में शामिल लोग या हसन या हुसैन, या अली के नारे लगाते हुए चल रहे थे । इस तरह निकाले गये मेंहदी ताजिया जुलूस के दौरान शहर में शरबत व लंगर का वितरण भी चलता रहा । वही नगर के शाक्ति चौक पर हसनी हुसैनी सोसाइटी द्वारा अब्बास अलमदार की शान में लगाये गए परचम के सामने युवाओ ने गर्मजोशी के साथ जुलूस का स्वागत किया गया । गुरूवार को मोहर्रम की 7 तारीख पर रात्रि में इमामबाड़ों की सवारियो ने बाबाओ की आमद के साथ शहर में रन किया, देर रात तक मजमा रहा । दरगाहो इमामबाड़ों पर जायरीन अकीदत के साथ दीदार करने पहुचे व चादर संदल पेश किया गया। वही नगर के प्रमुख स्थान बड़ेवली इमामबाड़ा मोहर्रम पर आकर्षण का केंद्र बिंदु रहता है यहां पर सभी सबारियो ने बाबाओ की आमद के साथ अपनी हाजिरी पेश की गई। नगर में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम का पर्व मनाया जा रहा है । मोहर्रम पर्व को लेकर जुलूस व अन्य स्थानों पर पुलिस की बेहतर व्यवस्थाएं देखने मिल रही है।

## नगर पालिका द्वारा अपने कर्मचारियों को घर घर पहुंचकर कराई जा रही ई- केवायसी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का हितग्राहियों को लाभ देने तथा फर्जीवाड़ा रोकने की सोच के चलते व्यवस्था को डिजीटल बनाया गया है। मगर इसके सत्यापन के लिये हर व्यक्ति को अपनी ई केवायसी करना जरूरी होता है। इसी के चलते मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार समस्त नागरिकों को अपनी समग्र ईकेवासी करवाना अनिवाय किया गया है। जिसको लेकर स्थानीय नगर पालिका द्वारा जहां लगातार मुनादी कराई जा रही है। मगर इसके बाद भी नागरिकों द्वारा अपनी ईकेवायसी नही कराये जाने के चलते अधिकारी परेशान होते हुये देखे जा रहे है। इस तरह नागरिकों के समग्र ईकेवायसी के लिये अब नगर पालिका के वार्ड प्रभारियों, कम्पूटर आपरेटर तथा अन्य कर्मचारियों की वार्डवार डियूटी लगाई गई है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैभव देशमुख द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि सभी कर्मचारी वार्ड में डोर टू डोर यानि की लोगों के घर घर जाकर ई केवायसी करने का कार्य करेगे। वही नपा अधिकारी द्वारा सभी नागरिको से अपेक्षा जताई है कि वह अपनी ईकेवायसी करवाय और शासन की योजनाओं का लाभ ले। यदि किसी की ईकेवायसी नही होती है तो शासन की योजनाओं से बंचित होना पड़ सकता है।

## जहां तहां खुली नालिया बजा रहे खतरे की घंटी



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय नगर में देखा जा रहा है कि नपा द्वारा जहां तहां निर्माण कार्य तो किये जा रहे है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर में बन रही नालियों को बंद नही किये जाने के कारण वह आमजन के लिए खतरा की घंटी बजा रही है, जिसके चलते जहां आये दिन इन खुली पड़ी नालियों में मवेशी गिरकर घायल हो रहे है, वही दूसरी ओर वाहन चालक भी गिरकर घायल होने से नही बच पा रहे है, अब यह पता नही है कि यह नगरपालिका की उदासीनता का परिणाम है कि या फिर ठेकेदारों की मनमानी का? मगर सच्चाई यह है कि इस प्रकार से नगर में जहां तहां खुली पड़ी नालियों के चलते आमजन के जान के लिए खतरा जरूर बना हुआ है। इस बात की सच्चाई गत दिवस नगर के एक वार्ड में देखने मिली है, जहां पर मुख्य सड़क के किनारे बनी इस नाली में एक स्कूटी सवार व्यक्ति की अचानक गाडी जाकर नाली में गिर गई, जिसको उपस्थित लोगों द्वारा तुरंत निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से तो टल गया, मगर अब साबल यह उठता है कि नगर में सभी नालियों के पास इस प्रकार से सदा ही लोग किसी के जान बचाने के लिए तो खड़े रहेगे नही? जिसके चलते नपा से अपेक्षा की जाती है कि नगर में बन रही नालियों के निर्माण के दौरान ही उन्हें ऊपर से पेक कराये जाने की योजना बनाई जावे, जिससे लोगों की जिन्दगी खतरे में न पड सके।

## ग्राम कौड़िया में कुछ साल पहले सड़क किनारे से हटाया अतिक्रमण नजर आने लगा जहां के तहां..?



**हरिभूमि न्यूज/कौंडिया।** जहां एक ओर संपूर्ण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते सड़कों पर धमा चौकड़ी मची रही है। वही दूसरी ओर लोडिंग वाहनो की धमाचौकडी से ग्राम के अंदर से निकले मुख्य रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय ग्राम कौड़िया में देखने मिल रही है। ज्ञात हो कि गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग जो राष्ट्रीय स्तर का सड़क मार्ग में होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिनि वाहनों को दवाब होने के कारण दिन भर सडक पर वेखौप दौडतें वाहनों से छोटे बडे जानलेबा गंभीर दुर्घटनाए भी होते हुए देखी जाती है। वही दूसरी ओर यहां पर जगह के अभाव में सडक परिवहन करते समय ग्राम के मुख्य रास्तो पर वाहनो की लंबी लगने वाली लाईनों के चलते जाम की स्थिति बनने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर वाहन मालिको द्वारा भी सडको पर वाहनो को बेतरतीब तरीके से खडे कर दिया जाता है और अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपने भवनों के लिए लाई जाने वाली निर्माण सामग्री को भी इस मुख्य मार्ग के किनारे ही रख दिया जाता है जिसके चलते यातायात को प्रभावित कर जाम की स्थिति बना देते है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो चाय पान के ढेलो दुकानो पर छोटे वाहन चालको द्वारा सड़क पर ही अपने वाहन खडे कर चाय पान में मग्न हो जाते है। बाकी कसर आटो सहित अन्य वाहन वालो द्वारा पूरी कर दी जाती है जो बीच सडक पर अपने वाहनो को खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते है। इसी के चलते यहां से निकलने वाले लोगों की जान को सदा ही खतरा बना रहता है..? वही दूसरी ओर यहां पर यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो लोगों ने जहां अपने घरों की ओंटा टिपटी मुख्य मार्ग से लगाकर बना लिये गये तो दूसरी ओर दुकानदार भी अपनी दुकानों को सड़क पर रखते हुये अतिक्रमण करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। इस तरह मुख्य मार्ग पर लगातार बढ़ रही अतिक्रमण व जाम की स्थिति को ध्यान में रखते हुये कुछ साल पहले प्रशासन द्वारा यहां पर अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाते हुये सड़क किनारे लगी हुई दुकानों को हटाया गया था। जिससे स्थिति में काफी सुधार देखने मिला था। मगर शासन प्रशासन की अनदेखी कही जावे या फिर मिली भगत के चलते वह दुकाने फिर जहां की तहां नजर आने से नही चूकरही है। इस तरह ग्राम के बीचों से निकले मुख्यमार्गो को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हो जाता है कि इस समस्या से जहां निजात मिल सकती है। वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी भी खतरे से मुक्त हो जावेगी। क्योंकि जहां मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्कूल से लेकर हाई स्कूल लगा हुआ है। वही ग्राम के अनेक बैको सहित पोस्ट आफिस भी सड़क के किनारे होने के कारण सड़क पर दिन भर भीड़ भाड़ की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। जबकि पूर्व में यहां पर घटित हुई अनेक सड़क घटनाओं में लोगों की जाने भी जा चुकी है मगर इसके बाद भी प्रशासन की उदासीनता आमजन के लिये समझ से परे होती चली जा रही है? ग्राम के अंदर आये दिन निर्मित होने वाली इस स्थिति को लेकर लोगों द्वारा ग्राम कौड़यि के बाहर से वायपास मार्ग निर्माण की मांग की जाने लगी है जिससे लोगों के यातायात में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## नियमों का पाठ पढ़ाने वाली ही तोड़ रहे नियमों की धज्जियां, आम पब्लिक से पालन करने की क्या उम्मीद की जा सकती है



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शासन द्वारा हर विभाग में अलग अलग नियम बनाते हुए उनका पालन करना सभी के लिए अनिवार्य किया गया है, इसी प्रकार से रेल विभाग द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करने के लिए आये दिन सख्त हितायत देते हुए नियमो को तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का भी प्रावधान बनाया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो बगैर किसी ठोस कारण के ट्रेन को रोकने व रेल पटरी पार करने सहित रेल विभाग के अन्य नियम बनाये गये है और यदि कोई इन नियमों का पालन नही करता है तो रेल विभाग द्वारा उसके व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दंडित भी किया जाता है? मगर अब सबाल यह उठता है कि जब नियमों का पालन कराने के लिए आम लोगों को पाठ पढ़ाने वाले ही उन नियमों की धज्जियां उड़ाने लगे तो फिर आम पब्लिक से क्या उम्मीद की जा सकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते दिवस उस समय देखने मिली जब स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर कुछ वर्दीधारी ही नियमों को दर किनार करते हुये खुलेआम रेल पटरी पार करने से नही चूक रहे थें इस सच्चाई को देखकर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि क्या रेल विभाग द्वारा बनाये गये नियम मात्र आम जनता के लिए ही है? क्योंकि जब हम रेल्वे स्टेशन पर पहुंचते है तो वहां पर लगे हुये स्पीकरों से यह सूचना आये दिन सुनते है कि पैदल रेल पटरी पार करना नियम विरूद्ध है और यदि कोई व्यक्ति पैदल रेल पटरी पार करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी, वही दूसरी ओर जिस प्रकार से विभाग के ही अधिकारियों व बर्दीधारी ही खुलेआम रेल पटरी पैदल पार करते हुए देखा गया तो लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि नियम सिर्फ आम जनता के लिये होते है विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कुछ भी करते हुये उन्हें सभी प्रकार की छूट प्रदान की जाती है?

## अब बड़े महानगरों की तर्ज पर अब छोटे शहरों से लेकर गांव गांव में फैल रहा है नशे का अवैध कारोबार चिंताजनक ...

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



शराब के बाद शहर में अन्य नशीली चीजो की बिक्री में इजाफा होने से युवा पीढ़ी बर्बाद होने की कगार पर आने लगी है? युवा जिस तरह के नशों की चपेट में आते हुये देखे जा रहे है उसकी सच्चाई बडे महानगरों के तरह सिर्फ फिल्मों में ही देखने मिलती थी। मगर अब हमारे छोटे नगरों से लेकर गांव गांव में जो हकीकत देखी जा रही है वह निश्चित तौर से चिंता जनक साबित होने से नही चूक रहे है..? फिल्मों में दिखाई देने वाले नशों का कारोबार तर्ज पर युवाओं को गांजे की कश लगाते हुये देखने के साथ साथ स्मैक पावड़र का सेवन करते हुये दिखाई देना कोई बड़ी बात नही रही है..? इस तरह गांजा पावडर क्षेत्र में आसानी से मिलने के साथ दुकानों पर विक्रय हो रही विदेशी महँगी सिगरेटो के फॅूकने के दौरान युवाओं,किशोरो का लगभग नियमित मदिरा पान करने से घरो का माहौल बिगड़नें की जहां शुरूआत हो गयी है? वही क्षेत्रवासी भी अपने क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित नजर आने लगे है, भरोसे मंद सूत्रो के अनुसार इन दिनों नशे के कारोबार में नया मोड़ आ गया है तथा तत्वो द्वारा स्मैक तथा अन्य ऐसे नशीले पदार्थ भी बेचे जाने लगे है? जिनका उपयोग युवाओं के घातक होने के साथ साथ पूरे परिवार को बर्बादी की ओर ले जाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। मगर इसके बाद भी बताया जात है कि इन पदार्थो का पहली बार प्रयोग करने के बाद गरीब, युवा इसके आदि हो जाते है और इन नशीली



चीजो के न मिलने से उनका शरीर छटपटाने लगता है। विदित हुआ है कि आजकल युवक बेधड़क नशीली दवाओं व इंजेक्शनों का इस्तेमाल कर रहे है और कथित तौर पर नशा करने के लिए उनकी तरफ डबल रोटी के स्लाईस पर आयोडेक्स भी खाया जा रहा है? जागरूक शहरवासियो का कहना है कि पुलिस लिखा पढ़ी सें बचने नशे के कारोबार पर प्रतिबंध लगाने प्रयास नही कर रही है, जिसका नतीजा है कि नशीली चीजें बिकने से नगर का वातावरण खराब होने के साथ अधिकतर वे युवा बर्बादी की राह पर कदम बढ़ा रहे है जिनके कंधो पर बूढ़े मॉ, बाप, भाई, बहिनो की देखभाल की सीधी जिम्मेदारी है, फिलहाल शहर में नशीली चीजो की बिक्री की रोकथाम की गुहार उठने लगी है, जिसे गंभीरता से सुन पुलिस को अब नशीली चीजो के विक्रय पर रोक लगाना जरूरी हो गया है।

# डिंडौरी में पहली बार निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा, भक्तों ने खींचा रथ और लगाए जयकारे





जुलाई माह में पूरे उड़ीसा समेत देश-विदेश में प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन इस बार डिंडौरी ज़िले में भी देखने को मिला।

डिंडौरी। इस्कॉन संस्था के तत्वावधान में डिंडौरी में पहली बार भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुण्य लाभ अर्जित किया।

रथयात्रा का शुभारंभ पुराने डिंडोरी के कंपनी चौक से हुआ। प्रारंभ से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा मधुर भजन-कीर्तन, पूजन और आरती की गई। इसके बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाओं को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर रथयात्रा प्रारंभ हुई। पुरानी डिंडोरी से प्रारंभ होकर रथयात्रा सीवी कॉलेज तक पहुंची। खींचने के लिए नगर के कोने-कोने से भक्तजन उमड़ पड़े। जैसे-जैसे रथ आगे बढ़ता गया, श्रद्धालुओं की भीड़ जुड़ती गई और चारों ओर "जय जगन्नाथ" के जयकारे गूंजते रहे। नगर में जगह-जगह भक्तों ने पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ कर भगवान से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

वहां यात्रा के समापन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपने आपको धन्य माना।

इस आयोजन में इस्कॉन संस्था के कार्यकर्ताओं और भगवान कृष्ण के भक्तों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं ने पहली बार नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा देखने और उसमें सहभागी बनने पर गहरी आस्था और प्रसन्नता व्यक्त की।




# अतिथि शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन समय पर नियुक्ति की मांग

डिंडौरी।

जिला मुख्यालय में सैकड़ों अतिथि शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। जिला अध्यक्ष इमरान मलिक के नेतृत्व में अतिथि शिक्षक संघ डिंडोरी ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टरेट परिसर में तहसीलदार को सौंपा।ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पिछले 17 वर्षों से अतिथि शिक्षक अल्प मानदेय पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ शिक्षा दे रहे हैं, लेकिन उनकी सेवाओं के अनुरूप न तो उन्हें पर्याप्त मानदेय मिल रहा है और न ही अन्य सुविधाएं। हर साल जुलाई-अगस्त में विज्ञापन जारी होते हैं और अप्रैल में सेवाएं समाप्त मान ली जाती हैं, जिससे उन्हें हर वर्ष नए सिरे से आवेदन करना पड़ता है। अध्यक्ष इमरान मलिक ने 2 सितंबर 2023 को महापंचायत में की गई घोषणाओं की याद दिलाते हुए कहा कि सरकार ने अब तक अपने वादों को पूरा नहीं किया। इस बार डीपीआई का आदेश पहले आने के बावजूद जनजाति कार्य विभाग का आदेश लंबित होने से नियुक्तियों में देरी हो रही है, जिसका खामियाजा आदिवासी जिलों के बच्चों की पढ़ाई भुगत रही है।ज्ञापन के माध्यम से अतिथि शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द नियुक्तियां नहीं की गईं तो आंदोलन और धरने की राह अपनाई जाएगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र कुमार गर्ग, आनंद कटारिया, अमरपुर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र किशोर हरदा, निगोरी संकुल अध्यक्ष प्रकाश यादव, जिला सचिव हरीश खान, प्रियंका गायकवाड, निरुपमा नामदेव, अदिति सिंगरहा, अनुपमा नामदेव, अवध मरावी, वीरेंद्र, मिथलेश, अजय गवले, शाहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष ग्रैंड कुमार दुबे सहित सैकड़ों अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।

# सांदीपनी सीएम राइज स्कूल चरगांव के कालमों में दरार फिर भी पुलिस हाउसिंग बोर्ड कर रहा हैंडओवर की ज़िद





शहपुरा - डिंडोरी

जिले के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम चरगांव में करीब 39 करोड़ की लागत से तैयार की गई सांदीपनी सीएम राइज स्कूल की बहुप्रतीक्षित इमारत आज सवालों के घेरे में है। बच्चों की पढ़ाई शुरू होने से पहले ही भवन के मुख्य कालमों में दरारें पड़ गई हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### गंभीर दरारें, फिर भी हाउसिंग बोर्ड कर रहा हैंडओवर का प्रयास!

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार चौंकाने वाली बात यह है कि इस जर्जर हो चुकी इमारत को पुलिस हाउसिंग बोर्ड विभाग अब भी ज़बरदस्ती शिक्षा विभाग को सौंपने की कोशिश में लगा है। जबकि मौके पर दरारें साफ तौर पर देखने को मिल रही हैं और तकनीकी रूप से यह बिल्डिंग अभी अधूरी व असुरक्षित मानी जा रही है।

### निर्माण में भ्रष्टाचार की बू

स्थानीय नागरिकों और विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की दरारें किसी सामान्य तकनीकी दोष से नहीं, बल्कि घटिया निर्माण सामग्री और लापरवाह निर्माण प्रक्रिया का नतीजा हैं। कहीं ऐसा न हो कि यह इमारत भविष्य में बच्चों के लिए खतरा बन जाए।

### जनप्रतिनिधियों और जनता का फूटा गुस्सा

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि —"बिल्डिंग की हालत देखकर भी अगर इसे हैंडओवर किया गया, तो यह सीधे तौर पर बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ होगा।"

### निगरानी एजेंसियों पर सवाल

बिल्डिंग की निर्माण प्रक्रिया की निगरानी करने वाली तकनीकी टीम, ठेकेदार और विभागीय अफसरों की भूमिका संदेह के घेरे में है। आखिर किस आधार पर इसे उपयोग योग्य बताया जा रहा है?

### प्रमुख सवाल जो प्रशासन को झकझोर रहे हैं

1. बिना जांच और सुधार के हैंडओवर की कोशिश क्यों?
2. क्या निर्माण एजेंसी और अधिकारियों की मिलीभगत है?
3. क्या शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन इस खतरे को नजरअंदाज करेंगे?

अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या रुख अपनाता है?

# महाविद्यालय अमरपुर में दीक्षारंभ समारोह के अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न




अमरपुर।

शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्य प्रदेश उच्चशिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार और महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में 1 से 3 जुलाई तक महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह के अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को आयोजित कर नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के स्वागत कर नए सत्र का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय समारोह का 3 जुलाई को समापन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के द्वारा छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेने पर बधाई देते हुए छात्रों/छात्राओं को यह समय गोल्डन समय बताते हुए अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का आशीर्वचन दिया और प्रवेश प्रभारी डॉ. सुनील कुमार काकोड़िया द्वारा छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी दी गई और डॉ. सीमा डावर के द्वारा महाविद्यालय के शैक्षणिक व्यवस्था और शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी दी गई। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सुश्री हुस्नआरा अंसारी, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. कंचन ताम्रकार, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, प्रदीप कुमार कहार, डॉ. अनिल कुशराम, डॉ. सौरभ सामंत, जयदीप दुबे, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, सहज सिंह मरावी, कमलेश वास्पे सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दीपक कुमार सिंगरौल के द्वारा किया गया।

# शास. महावि. बजाग में त्रिदिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन संपन्न




डिंडोरी। उच्च शिक्षा विभाग, मप्र शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बजाग, जिला : डिंडोरी (म.प्र.) में प्रवेशोत्सव के अंतर्गत त्रिदिवसीय दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वतीजी के छायाचित्र पर महाल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कुशवाह एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री अरविंद डहेरिया एवं सभी विभागों के प्राध्यापकों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत कर उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कुशवाह ने महाविद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जिसमें मुख्य रुप से प्रतिभा किरण योजना, गांव की बेटी योजना, मेधावी छात्रवृत्ति, कॅरियर गाइडेंस सेल, एनएसएस एवं ई - लाइब्रेरी आदि की जानकारी प्रदान की गई साथ ही महाविद्यालय मे कार्यरत प्राध्यापकों व कर्मचारियों का परिचय कराते हुए महाविद्यालय परिसर मे उपलब्ध मुलभूत सुविधाओं की जानकारी दी एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नियमित रुप से कक्षाओं में उपस्थित होने एवं महाविद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर श्री सतीश कुमार वर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी, डॉ. नंदिनी साहू, डॉ. दुर्गा प्रसाद गुप्ता एवं संजू सिंह परस्ते की सक्रिय भूमिका रही साथ ही अमित श्याम, सत्यम आर्मो तथा नवप्रवेशित विद्यार्थी एवं समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# हाथ में चप्पल लेकर कीचड़ में चल रहे छात्र छात्राएं और कर्मचारी

### नहीं बना मॉडल स्कूल,कॉलेज, आईटीआई छात्रावास जाने का मार्ग

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी




विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी में स्थित शासकीय मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल, कन्या छात्रावास,बालक छात्रावास, आईटीआई, आजीविका भवन,कृषि कार्यालय, मर्चुरी तथा राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी तक पहुंचने के मार्ग नहीं बन पाया है जिससे प्रतिवर्ष बरसात के दिनों में छात्र छात्राओं सहित अधिकारी कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मार्ग निर्माण की मांग बरसों पुरानी है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जहां तक शासकीय भूमि है वहां तक कुछ मुर्रम तथा कुछेक जगह सीमेंट कांक्रीट मार्ग ग्राम पंचायत द्वारा बना दिया गया है परन्तु निजी खातेदार की भूमि में पेंच फंसा हुआ है। सड़क मार्ग के लिए खातेदार भूमि देने को तैयार हैं परन्तु राजस्व विभाग द्वारा कई बार नापने के बाद भी भूमि की सही नपाई कर पा रहा है जिसके चलते समस्या बनी हुई है। वर्षों पुरानी समस्या कॉलेज आईटीआई छात्रावास आजीविका भवन कन्या शाला सहित अन्य संस्थानों तक पहुंच मार्ग का जल्द निदान किए जाने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक टेकराम लिल्हारे की हुई विदाई



अमरपुर। जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक शाला रामगढ़ में पदस्थ शिक्षक टेकराम लिल्हारे जोकि यहां वर्ष 2013 से पदस्थ थे। जिनका स्थानातर प्राथमिक शाला महुआ पानी ब्लॉक बिरसा जिला बालाघाट हो जाने के बाद सहयोगी शिक्षकों द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित वरिष्ठ नागरिक महेंद्र ठाकुर द्वारा अपने उद्बोधन में श्री लिल्हारे को कुशल शिक्षक, मृदुभाषी एवं मिलनसार बताते उनके कार्य कुशलता की सराहना किए। वहीं पर टेकराम लिल्हारे अपनी विदाई में भावुक होते हुए कहा कि उनकी नौकरी की शुरुआत एक ऐतिहासिक स्थान से हुई जोकि हमेशा याद रहेगा। आयोजित इस विदाई समारोह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच वंदना ठाकुर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति बीना बर्मन, वरिष्ठ नागरिक अमरू सिंह ठाकुर, उमाशंकर सिंगौर, अमित कुंजाम, खेम सिंह सैयाम, संगीता कावरे, सीमा कुशराम, आरती भलावी, सैलजा समद, अरविंद मसराम, राम कुमार सैयाम, अशोक धुर्वे, रितेश गजाम, सतीश मरकाम, शुभम ठाकुर, सुरेश यादव आदि शिक्षक, शिक्षकाएं मौजूद रहे।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक अब 9 को

अनूपपुर। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 27 जून को होने वाली थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया था। अब यह बैठक 09 जुलाई को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने सर्व संबंधितों से बैठक हेतु नियत दिनांक, समय एवं स्थान में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने बताया है कि बैठक में 20 एजेन्डा बिन्दुओं पर चर्चा के साथ ही अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दु पर चर्चा की जाएगी।

### जिले में 4.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 4.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 2.4, बिजुरी में 2.4, वेंकटनगर में 7.6, पुष्पराजगढ़ में 8.4, अमरकंटक में 13 तथा बेनीबारी में 3.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई तथा वर्षामापी केन्द्र कोतमा तथा जैतहरी में वर्षा निरंक रिकॉर्ड की गई।

### देवनाला जल प्रपात: प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक आस्था का संगम

डिंडोरी। डिंडोरी जिले में स्थित देवनाला जलप्रपात न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण है, बल्कि यह स्थान धार्मिक श्रद्धा का भी केंद्र बना हुआ है। यह जलप्रपात अपनी अनूठी बनावट, शिवलिंग पर निरंतर जलाभिषेक और शांत वातावरण के कारण पर्यटकों व श्रद्धालुओं दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। देवनाला जलप्रपात डिंडोरी से लगभग 22 किलोमीटर दूर, मंडला-डिंडोरी मुख्य मार्ग पर, कचनारी ग्राम के निकट सक्का के पास स्थित है। यह स्थल बरसात के मौसम में अपनी पूर्ण छटा बिखेरता है, जब झरने का प्रवाह प्रबल होता है और हरियाली अपनी चरम सीमा पर होती है।इस जलप्रपात की सबसे अनोखी बात यह है कि इसका प्रवाह सीधे एक प्राकृतिक शिवलिंग पर गिरता है, जिससे यहाँ निरंतर जलाभिषेक होता रहता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति देता है। पानी के सतत प्रवाह ने यहाँ की पहाड़ियों को V आकार की घाटी में बदल दिया है। साथ ही एक गहरी गुफा का निर्माण भी हुआ है, जो वर्षा ऋतु में जलमग्न हो जाती है। इस गुफा में अनेक छोटे-छोटे शिवलिंग और मंदिर स्थित हैं, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं।

## खबर संक्षेप

### एएसपी ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ज्ञात हो कि बीत दिनों जिला चिकित्सालय में छात्रा की निर्मम हत्या की गई थी जिससे जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। जिसे लेकर एएसपी द्वारा निरीक्षण कर संसाधनों को दुरूस्त करने पार्किंग तथा सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश दिए तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त मौके पर सिविल सर्जन तथा कोतवाली थाना पुलिस बल मौजूद रहे।

### युवती के साथ मारपीट

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती पर पड़ोसी द्वारा लोहे की राड से हमला कर घायल कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार संगीता चैधरी पिता संतोष चैधरी उम्र 22 वर्ष निवासी सिमरिया रोड डेडवारा कही जाने के लिए निकली थी तभी घर के बाहर पड़ोसी अनिल चैधरी द्वारा हमला कर दिया गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल


हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस थाना क्षेत्र तेंदूखेड़ा में चावरपाठा के पास सड़क दुघर्टना मे घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टीकाराम निवासी डोभी थाना तेंदूखेड़ा करेली से डोभी जा रहा था तभी लिंगा के पास सड़क दुघर्टना मे घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला स्तर पर पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रत्येक कार्यालय, थाना, चैकी प्रभारियों को अपने परिसर में वृक्षारोपण करने हेतु निर्देशित किया गया है एवं सभी को क्षेत्र में अभियान अंतर्गत आमजन को जागरूक करने हेतु बताया गया है। इसी तारतम्य में पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन, नरसिंहपुर, एसडीओपी कार्यालय, थाना चैकी परिसर में वृक्षारोपण कर जनमानस को जीवन में पेड़ों के महत्व का संदेश दिया गया।

### रासेयो स्वंयसेवकों ने रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस शासकीय कृषि उच्च मा विद्यालय बरहटा में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत एन एस एस इकाई बरहटा द्वारा प्राचार्य एस के बक्शी एवं कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में वृक्षा रोपण एवं रोपित वृक्ष पर ट्री गार्ड लगाए गए।जिसमें शिक्षक जे पी कोरी, अमित कहार, अभिषेक दुबे, यश गुप्ता, प्रशांत नामदेव सर की अहम भूमिका रही।

## सड़क किनारे खड़े वाहन, आवागमन में बनते हैं बाधक

# नगर की यातायात व्यवस्था का नहीं हो रहा सुधार




हरिभूमि
नर्मदा भूमि - Page 4
Date 2 July 2025
मेन रोड पर लगा जाम, आवागमन हुआ बाधित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नगर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रशासन द्वारा कोशिश की जाती है लेकिन पूरी तरह सफलता नहीं मिल पा रही है। नगर में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। वही प्रशासन के जिम्मेदार यातायात कर्मी मौके से नदारद रहते है वही विगत दिवस भी नगर के मुख्य मार्ग पर तकरीबन एक घंटे से अधिक समय जाम लगा रहा था। व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों की समाग्री व अन्य वस्तुए रोड तक फैलाई जाती है जिससे दुकान पर आने वाले ग्राहकों द्वारा अपना वाहन रोड पर खड़ा किया जाता है जिससे यातायात व्यवस्था वेपटरी हो जाती है। वही प्रशासन द्वारा अनेकों बार समझाइस के बाद भी दुकानदारों मे सुधार होता नजर नही आ रहा है।**

### अवैध पार्किंग बन रही समस्या

नगर में यातायात व्यवस्था के लिए बनाई सड़कों पर दुकानदारों का मानो स्थाई कब्जा हो। नगर की सडकें तक कहीं दुकानों का सामान फैल रहा है तो कहीं अवैध पार्किंग फुटपाथ और सडक को संकीर्ण बना रही है। लोगों की इस तरह की मनमानी शहर में प्रशासन के एक दिन एक रोड अभियान को कारगर नहीं होने दे रही है। सड़कों पर ही निर्माण सामग्री का ढेर लग रहा है। जिससे मुय मार्ग हो या बाहरी रोड या कोई अन्य सडक हर जगह रोजाना जाम की नौबत बन रही है। शहर के मुख्य मार्ग पर सुभाष पार्क चौराहा से श्री राम मंदिर तिराहा होकर मुशरान पार्क जाने वाली सड़क अस्थाई अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से संकीर्ण हो गई है। नगरपालिका प्रशासन ने यहां अस्थाई अतिक्रमण भी चिह्नित किया और कुछ स्थानों पर कार्रवाई भी की। लेकिन आगे कोई कार्रवाई न होने से न तो चिह्नित अतिक्रमण हट सका और ना ही इस मार्ग से यातायात सुगम बन सका।

### आएदिन लगाता है जाम

नगर के मुख्य मार्ग पर सघन यातायात के दौरान जाम की स्थिति निर्मित होती है। लोग यह भी कहने लगे हैं कि प्रशासन अतिक्रमणकारियों के दबाव में कार्य नहीं कर पा रहा है। मार्ग पर दिनरात बाइक, कार बेतरतीब ढंग से खड़ी रहतीं हैं, दुकानों के शेड बढ़े हुए हैं, सड़क तक सामान फैलाकर रखा जाता है।



### मॉडल रोड बनने पर भी जाम हालात खराब

रेलवे स्टेशन से सुनका चैराहा होकर सुभाष चैक को जोडने वाली मॉडल रोड पर भी मनमानी पार्किंग और जहां-तहां सड़क पर लगे निर्माण सामग्री के ढेर यातायात बिगाड़ रहे हैं। सुनका चैराहा के आसपास ही दिनरात वाहन खड़े रहते हैं, दुकानें लगी रहतीं हैं। यही हालत सांकल तिराहा, अष्टांग चिकित्सालय चैराहा से लेकर इतवारा बाजार तक रहती है। वहीं गांधी चैक से गुलाब चैराहा तक भी मॉडल रोड होने के बाद भी अस्थाई अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से यातायात प्रभावित हो रहा है। यही दशा सुनका चैराहा से गुरुद्धारा होकर पुराने बस स्टैंड को आने वाली सड़क की है।

### प्रशासन करे ठोस कार्रवाई

नगर के मार्गो पर लगने वाले जाम को लेकर प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे लोगों को आए दिन लगने वाले जाम से छुटकारा मिल सके। प्रशासन को चाहिए कि यातायात व्यवस्था मे सुधार के लिए दुकानों के सामने रखी सामग्रियों को भी जब्त करना चाहिए वही निर्धारित समय में भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगे। ज्ञात हो कि विगत दिवस नगर के मुख्य मार्ग पर एक माल वाहक का डीजल खत्म हो जाने के कारण वह मेन रोड पर ही बंद हो गया और जिस कारण से लगभग एक घंटे तक रोड पर जाम की स्थिति बनी रही है। वही नगर मुख्य मार्ग और बाहरी रोड को जोडने वाली अंदरूनी सड़कों की स्थिति भी बेकार है। जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होती है। नागरिकों का कहना है कि जब तक प्रशासन सड़कों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने और अवैध पार्किंग रोकने निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई नहीं करेगा तब तक सुधार नहीं होगा। कभी-कभार कार्रवाई होने से मनमानी करने वालों को कोई सबक नहीं मिलता।

# विधायक निवास में हुई जनसुनवाई सुनी लोगों की समस्याएं, दिये निर्देश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री एवं जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास में जनसुनवाई आयोजित की इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 112 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया आमजनों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले जनप्रिय समाजसेवी जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले भर से आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है जनसुनवाई पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया कि समाज सेवा के क्षेत्र में आने के बाद उन्होंने यह प्रयास किया कि आम जनों के बीच ज्यादा से ज्यादा समय उपलब्ध रह सकू आमजनों के कई ऐसी समस्याए होती है जिनके लिए वह परेशान होते है बहुत लोग ऐसे होते है जो संपर्क नहीं कर पाते उनके लिए इस जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके और मेरा ऐसा मानना है कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि का यह कर्तव्य भी होना चाहिए कि उसके क्षेत्र के आमजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना ना पड़े उनकी समस्याओं पर तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए जिस जनता ने उस पर विश्वास किया है उस विश्वास पर वह खरा उतरे सके विधानसभा की जनता जनार्दन के लिए सेवा भाव के साथ कार्य करता हूं कि उन्हें अपनी समस्याओं से राहत मिल सके उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक जनपद सदस्य सीताराम नामदेव सहित सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।



## पूजन पाठ के बाद धर्मानुरागियों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद के तत्वाधान में पी डब्लू डी बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर में सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ संकीर्तन और सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। भगवान के पूजन अर्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कवि अशोक त्रिपाठी ने सभी वरिष्ठ जनो का नमन करते हुए कहा कि परिषद द्वारा आयोजित सांस्कृतिक साहित्यिक सामाजिक राष्ट्रीय धार्मिक आयोजनों सहित वरिष्ठ बुजुर्ग जनों के निरंतर सम्मान अभिनंदन की श्रृंखला में आप सभी की सहभागिता उत्साह ऊर्जा और गरिमा देती है।परिषद अध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी ने नियमित भक्ति सत्संग सहित जुलाई माह में पौधरोपण और उनके रखरखाव पर बल दिया। उक्त अवसर पर भक्ति सत्संग और धार्मिक आयोजनों में अपनी सक्रिय सहभागिता देने वाले सर्व प्रेमशंकर राघव डा केदार गुप्ता योगाचार्य प्रभात राय पं.सी बी शर्मा जनक लोधी संतोष राजपूत और योगेन्द्र सोनी का परिषद द्वारा पुष्पमाला शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया गया। बक्ताओं में डी डी गोस्वामी बी एस पटेल उमाशंकर उपाध्याय डा महेश त्रिपाठी सुबोध शर्मा एस के चतुर्वेदी अनिल राय कवि शंकर सहर्ष अशोक वर्मा पंडित एम एल हरदेनिया पं गणेश कुमार चतुर्वेदी ने सम्मानित बरिष्ठों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। संचालन कविवर अशोक त्रिपाठी ने व आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

### ऑल इंडिया लीनेश क्लब सम्मानित हुए प्रेस फोटोग्राफर संजय राय



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस लीनेश क्लब द्वारा डॉक्टर डे पर आयोजित कार्यक्रम में मातृशक्तियों द्वारा के प्रेस फोटोग्राफर संजय राय का सम्मान किया गया। संजय राय जो कि विगत 18 मई को केदारनाथ यात्रा के लिए गए हुए थे उनकी सफलतम यात्रा से वापस आने पर नगर में समाज सेवा में अग्रणी रहने वाली संस्था जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है हमेशा जनहित एवं सामाजिक कार्य में लगे रहने वाले प्रेस फोटोग्राफर संजय राय का सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी ने कहा ईश्वर से आस्था रखने वाला हर व्यक्ति धर्म जुड़ा हुआ रहता है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में तीर्थ स्थल पर जाना चाहिए। वहीं लिनेस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी ने कहा कि कम उम्र में तीर्थ करना भी कहीं ना कहीं पारिवारिक संस्कारों को उजागर करता है। अंत में सभी मातृ शक्तियों के द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## पुलिस द्वारा स्कूल पहुंचकर छात्राओं किया जा रहा जागरूक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराजिता अभियान के तहत नाबालिक बालक एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे है ताकि नाबालिकों द्वारा किसी के बहकावे में आकर बुरी आदतें एवं उनके विरूद्ध घटित होने वाली किसी अप्रिय घटना अंकुश लाया जा सके। जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा स्कूल के बच्चों का समझाईस देते हुए बताया गया कि किसी के बहकावे एवं नासमझी में उठाए गए गलत कदम से जीवन में आने वाली चुनौतियां एवं कठनाईयों का सामना करना पड़ता है। स्कूली छात्राओं को यह भी समझाईस दी गयी कि उनके स्कूल आने-जाने के समय यदि कोई भी उनके साथ छेडखानी जैसी घटना को अंजाम देते है या किसी भी प्रकार से परेशान करता है तो इसकी सूचना स्कूल के शिक्षकों के माध्यम से अथवा सीधे पुलिस को देवें ताकि ऐसे असमाजिक तत्वों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जावे। इस प्रकार की सूचना देने वाली छात्रा की पहचान को सर्वथा गोपनीय रखा जावेगा। साथ ही उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार और समाज का महत्व समझाते हुए अच्छे कैरियर का मार्गदर्शन दिया गया।

### एक सप्ताह में बनाए 50 प्रकरण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले अवैध शराब के कारोबार को लेकर पुलिस द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा विगत एक सप्ताह में अवैध शराब के कारोबारियों के विरूद्ध कार्यवाही, 50 प्रकरण दर्ज, 140 लीटर कच्ची महुआ शराब, 450 पाव देशी शराब जब्त, 800 किलोग्राम महुआ लहान नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर कार्यवाही कर अंकुश लगाने हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार कर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत एक सप्ताह में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध नशे का कारोबार करने वालें 50 लोगों के विरूद्ध ताबड़तोड कार्यवाही की गयी।

# पुलिया निर्माण ना होने से एक किमी. के कच्चे रास्ते से परेशानी, ग्रामीण लगाते हैं 5 किमी का चक्कर

## घुघरी से हथनी सड़क मार्ग निर्माण पुलिया सुधार का ग्रामीण कर रहे वर्षो से इंतजार

**तेंदूखेड़ा।** चांवरपाठा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रमपुरा के ग्राम घुघरी से हथनी के बीच एक किलोमीटर का कच्चा रास्ता ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीण वर्षो से पक्की सड़क बनने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन सड़क बनना तो दूर सड़क पर बनी पुलिया का भी सुधार कार्य नहीं हो रहा है। बरसात के दिनों में गांवों का संपर्क टूट जाता है। जरुरी कामों के लिए दूसरे गांव जाने के लिए ग्रामीणों को 5 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार गांवों को शहरों से जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछा रही हैं। प्रत्येक गांव में पक्की सड़क बनाने के संकल्प के साथ लाखों रुपए ग्राम पंचायतों को प्रदान किये जा रहे हैं, लेकिन ग्राम पंचायत रमपुरा के अंतर्गत आने वाले घुघरी से हथनी जाने वाले के बीच एक किलोमीटर का रास्ता नहीं बन रहा है। ग्रामीण वर्षो से मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### बारिश में कट जाता है संपर्क

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के समय हथनी और घुघरी ग्राम का संपर्क पूर्ण रूप से टूट जाता है। यदि हथनी ग्राम के ग्रामीण को रमपुरा ग्राम पंचायत में सोसाइटी ग्राम पंचायत के कार्य के लिए हो तो उन्हें धूपखेड़ा और एनएच से 5 किलोमीटर का चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। ग्राम पंचायत में सड़क और पुलिया सुधार के लिए कई बार मांग की गई लेकिन इस तरफ किसी के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस मार्ग से विद्यालय के लिए छात्र-छात्राओं का भी आवागमन होता है। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### नहीं सुधार रहे पुलिया

हथनी और घुघरी के बीच में मार्ग पर पुलिया का सुधार कार्य की भी वर्षो से मांग की जा रही है। जिससे बारिश के दिनों में किसानों को अपने खेतों तक जाने के लिए रास्ता बंद हो जाता है। पुलिया से पानी निकासी नहीं होने से पानी खेतों में भरा रहता है मार्ग अवरुद्ध हो जाने से किसानों की आवाजाही नहीं हो पाती। खेतों से गन्ना या अन्य उपज ले जाने में टेक्ट्र चालकों को परेशानी हुआ करती है।